संख्या- 59/2015/384/41-2015-111 सा0/13

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी,
अनुसचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक 20 मार्च,2015

विषय- जनपद लखनऊ में वाजिद अली शाह महोत्सव एवं जहॉन-ए-खुसरो कार्यक्रम के आयोजन हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं0-1943/15-1-1446/टी0टी0/2014-15 दिनांक 12-02-2015 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में रूमी फाउण्डेशन के द्वारा जनपद लखनऊ में वाजिद अली शाह महोत्सव के आयोजन हेतु रू0 40.00 लाख (रू0 चालीस लाख मात्र) की धनराशि तथा जहान-ए-खुसरो कार्यक्रम के आयोजन हेतु रू0 34.00 लाख (रू0 चौतीस लाख मात्र) अर्थात कुल रू0 74.00 लाख की धनराशि पुनर्विनियोग द्वारा स्वीकृत कर आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते है:-

1. उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत नियमों एवं शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
2. उक्त धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त पुस्तिका एवं बजट मैनुअल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा और जहॉ कही भी आवश्यक हो तो व्यय किये जाने से पूर्व शासन की अनुमति प्राप्त की जायेगी।
3. स्वीकृत धनराशि की प्रत्याशा में कोई अनधिकृत व्यय नही किया जायेगा।
4. यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
5. स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष्य उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

(3)- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-03-पर्यटन सूचना और प्रचार के मानक मद-19-विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय मद से संलग्न विवरण के अनुसार पुनर्विनियोग द्वारा अनुदान संख्या-44-आयोजनेत्तर-लेखा शीर्षक-3452-पर्यटन-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-06-लखनऊ में वाजिद अली शाह महोत्सव का आयोजन -20-सहायता

http://shasanadesh.up.nic.in

अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) तथा लेखाशीर्षक-3452-आयोजनेत्तर-पर्यटन-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-03-पर्यटन सूचना एवं प्रचार-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

(4)- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-7-226/दस-2015 दिनॉक 16 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

<u>संख्या-59/2015/384(1)/41-2015 तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल) आडिट, उत्तर प्रदेश, सत्य निष्ठा भवन, 15-ए, दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निजी सचिव, मा0 पर्यटन मंत्री, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-7/नियोजन अनुभाग-4
6- निदेशक, रूमी फाउण्डेशन, कोटवारा स्टूडियोज, महरौली, नई दिल्ली।
7- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
8- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in